




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 142 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 03 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928, 8319964648


# यह कैसी शानपत...

## कंट्रोल को बेच रहे सस्ता अनाज, बाजार से खरीद रहे महंगा !

### राशन दुकानों पर चल रही धांधलिया, अफसर बने मौन

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सहकारी राशन दुकानों पर अनाज की धांधली कोई नई बात नहीं है। यहां का राशन बाजारों में बिक रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कई उपभोक्ता यहां से अनाज नहीं लेते हुए रुपए ले रहे हैं। मतलब राशन दुकान के संचालक को ही बेच रहे हैं। इसके बाद यह गेहूं हो या चावल बाजार में पहुंच रहा है। सस्ते में राशन दुकान संचालक को यह अनाज हितग्राही बेच रहे हैं। इसके बाद दुकान संचालक इसे मुनाफा कमाकर बाजार में बेच रहा है। हितग्राही राशन दुकान से रुपए लेकर बाजार से वहीं अनाज खरीद रहे हैं। जिसे बाजार का दुकानदार भी मुनाफा कमाकर बेच रहा है। कहीं न कहीं हितग्राही ही राशन दुकानों में धांधली को बढ़ावा दे रहे हैं। इधर बात करें जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तो अधिकारियों की उदासीनता अनाज की धांधली को बढ़ावा दे रही है। तत्कालीन कलेक्टर गौतम सिंह ने इस बात को महसूस किया था। इसके बाद सप्ताह में तीन दिन राशन दुकानों के निरीक्षण के आदेश भी दिए थे। लेकिन, उनके साथ उनके आदेश भी चले गए। इधर अनवरत रूप से जिलेभर में राशन की कालाबाजारी का खेल चल रहा है।

#### छोटी मछलियों पर कार्रवाई...

राशन की दुकानों पर बैठे माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसका कारण है कि अपने आकाओं की सरपरस्ती में नेता ही दुकानों का संचालन कर रहे हैं। इन पर प्रशासन के हाथ नहीं पहुंच सकते। सिर्फ छोटी मछलियों पर कभी कभार कार्रवाई की जाती है। महिने की शुरुआत में अनाज को अपनी सेटिंग के जरिए बेच दिया जाता है। इसके बाद 20 तारीख आते आते पूरा अनाज दुकान से खाली हो जाता है। वहीं जब गरीब अपना अनाज लेने के लिए दुकान पर पहुंचता है तो उसे किसी अन्य दुकान पर भेज दिया जाता है। इस तरह से भटकते - भटकते महिना निकल जाता है और उसका अनाज लेप्स हो जाता है। इधर आपूर्ति विभाग ने कभी राशन दुकानों का रिकॉर्ड चेक करने की हिमाकत नहीं की।




#### कलेक्टर की तनख्वाह से ज्यादा...

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि एक व्यक्ति की दो से तीन दुकानें चल रही है। इसी से उसकी प्रतिमाह की इनकम का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन दुकानों पर सालों से वहीं लोग जमे हुए है। इधर बात करें कार्रवाई की तो भाजपा सरकार हो या कांग्रेस सरकार, दोनों ही राशन की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। सूत्रों की मानें तो सबसे ज्यादा कमाई कॉलोनियों या रिहायशी एरिया की राशन दुकानों में है। इन दुकानों को संचालित करने वाले लोगों की कमाई कलेक्टर की तनख्वाह से ज्यादा है। एक से डेढ लाख रुपए प्रतिमाह राशन की दुकान संचालित करने वाले यह लोग कमा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें किसी को कोई हिस्सा पहुंचाने की टेंशन भी नहीं है। अधिकारियों की भी हिम्मत नहीं है कि वहां जाकर कोई रिकॉर्ड चेक कर ले या सवाल जवाब कर ले।

#### नौ हजार वेतन और 60 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन...

सबसे बड़ी बात यह है कि दुकान संचालकों को शासन के नियमानुसार सोसायटी चलाने वाले को नौ हजार रुपए और भंडार चलाने वाले को साठ रुपए प्रति क्विंटल अनाज पर कमीशन मिलता है। इस तरह से इनकी कमाई दस हजार से ज्यादा नहीं हो सकती। इसके बाद भी दुकान संचालक नेतागिरी या रसूख के दम पर दुकान पर काबिज है।

# बीजेपी ने जारी की पहली सूची, 195 प्रत्याशी घोषित

## भाजपा ने खोले पत्ते, सांसद गुप्ता फिर से मैदान में

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीद्वार को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। अभी तक कई नाम सामने आ रहे थे। सोशल मीडिया से लेकर बाजार की चर्चाओं में अपने- अपने ढंग से लोग उम्मीद्वार को फाईनल कर रहे थे। लेकिन, शनिवार की शाम को अटकलों पर विराम लग गया। सांसद सुधीर गुप्ता को भाजपा ने तीसरी बार मैदान में उतारा।



बता दे कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। 16 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का निर्णय हो चुका है। पीएम मोदी वाराणसी से चुना लड़ेंगे। 34 केन्द्रीय मंत्री और राज्यमंत्रियों के नाम इस सूची में है। एक लोकसभा अध्यक्ष का नाम और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम भी है। 28 महिलाओं के नाम हैं, 50 से कम उम्र वाले 47 उम्मीदवार हैं। अनुसूचित जाति के 27 उम्मीदवार, अनुसूचित जनजाति के 18 उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार शामिल हैं।

#### पिछली बार पौने चार लाख मतों से रिकार्ड जीत...

सांसद सुधीर गुप्ता को 2014 में भाजपा ने पहली बार मौका दिया। यहां कांग्रेस की वरिष्ठनेत्री मीनाक्षी नटराजन को उन्होंने बड़े अंतर से हराया। इसके बाद फिर से दूसरी बार सुधीर गुप्ता को भाजपा ने मैदान में उतारा था। सामने फिर से मीनाक्षी नटराजन ही थी। गुप्ता 3 लाख 76 हजार 734 मतों से रिकॉर्ड जीत दर्ज कर दोबारा सांसद निर्वाचित हुए। किसान आंदोलन के बाद संसदीय क्षेत्र में 800 किलोमीटर की पदयात्रा करने वाली मीनाक्षी नटराजन की 3 लाख से अधिक मतों से लगातार दूसरी हार हुई थी।

### विदिशा से शिवराज सिंह और गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया लड़ेंगे चुनाव

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पहली सूची जारी कर दिया है। मध्य प्रदेश की 29 सीटों में से 24 सीटों पर प्रत्याशियों को भाजपा ने उतार दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से लड़ेंगे चुनाव। मध्य प्रदेश की मुरैना से शिवमंगल सिंह, भिंड से संध्या राय, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया, सागर से लता वानखेड़े, दमोह से राहुल लोधी, खजुराहो से वीडी शर्मा, सतना से गणेश सिंह, रीवा से जनार्दन मिश्रा , जबलपुर से आशीष दुबे को टिकट दिया है। ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह, सीधी से राजेश मिश्रा, शहडोल से हिंमाद्री सिंह, मंडला से फग्गन कुलस्ते, नर्मदापुरम दर्शन सिंह चौधरी, विदिशा से शिवराज सिंह चौहान और भोपाल से आलोक शर्मा, राजगढ से रोड़मल नागर, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, रतलाम से अनीता नागर सिंह चौहान लड़ेंगी चुनाव। गुना-शिवपुरी से केपी सिंह का टिकट कट गया है। भारतीय जनता पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पार्टी मुख्यालय पर शुरू हो गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को अभी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज 195 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे।

### प्रदेश के मंत्री की पत्नी सांसद उम्मीदवार बनी...

रतलाम- झाबुआ लोकसभा सीट से अनीता नागर को बीजेपी ने प्रत्याशी घोषित किया है। वे प्रदेश के वन एवम पर्यावरण मंत्री अलीराजपुर विधायक नागर सिंह चौहान की पत्नी है।



रतलाम- झाबुआ संसदीय सीट से अधिकांश बार के प्रत्याशी झाबुआ और अलीराजपुर क्षेत्र से बनाए जाते रहे हैं. गुमान सिंह डामोर का अपने गुमान के कारण जाना लगभग तय था और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अनुसार महिला प्रत्याशियों को बढ़ावा देने की योजना के चलते अनीता नागर सिंह चौहान को भाजपा से संसदीय प्रत्याशी बना दिया। बीजेपी नेतृत्व के इस निर्णय पर भाजपाइयों में भी आश्चर्य मिश्रित प्रतिक्रियाएं सुनने को मिल रही है।



फैल रही जलकुंभी... पशुपतिनाथ मंदिर स्थित शिवना नदी में जलकुम्भी तेजी से फैल रही है।

# बारिश-बादल ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बारिश और बादल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में शुक्रवार की शाम सीतामऊ, शामगढ क्षेत्र में बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टिहुई। दूसरे दिन शनिवार को सुबह पिपलिया मंडी, बूढ़ा क्षेत्र में बारिश हुई। शनिवार को मंदसौर में दिनभर बादल छाए रहे। हालांकि जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास बना रहा। दिन में तेज गर्मी का असर है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस गुजरने के बाद तापमान में 2-3 डिग्री तक कि गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में एक्टिव है। वहीं, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इन सबके प्रभाव से दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के साथ अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। जिस वजह से बारिश और ओले का दौर फिर से शुरू हुआ है।

#### नीमच मंडी में अफरा-तफरी...

शनिवार को नीमच में हुई बेमौसम बारिश से नीमच कृषि उपज मंडी में अफरातफरी का माहौल बन गया। सुबह से ही शहर में बारिश होने की संभावना लग रही थी। कभी तेज तो कभी हल्की बूंदाबंदी भी हो रही थी। वहीं कृषि उपज मंडी में लहसुन की बंपर आवक हो रही है। इसके अलावा सोयाबीन, सरसो, धनिया जैसी कई उपज भी बड़ी मात्रा में रोजाना किसान मध्यप्रदेश और पडोसी राज्य राजस्थान से लेकर पहुंच रहे हैं। ऐसे में अचानक हुई बेमौसम बारिश से कुछ किसानो की उपज भीग गई। जिससे किसानों में आक्रोश देखने को मिला। जिन किसानों के पास बारिश से बचाव के इंतजाम थे उनकी उपज को तो नुकसान नहीं पहुंचा, मगर जिन किसानों के पास इंतजाम नहीं थे उनकी उपज भीग गई।

### बिजली गिरने से महिला घायल, ट्रैक्टर-ट्राली में बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे लोग...

नीमच के बघाना थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में शनिवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर महिला इसकी चपेट में आ गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तत्काल आसपास मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली में डालकर नीमच के बडे अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय महिला पूजा पति संजय निवासी मनकेश्वर जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान की रहने वाली है। वह अपने परिवार के साथ यहां मजदूरी करने आई थी और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में झोपडी बनाकर रह रही थी। जहां झोपडी के पास ही के पेड पर अचानक आकाशीय बिजली गिरी। जिससे महिला चपेट में आ गई। वहीं जिस पेड़ पर बिजली गिरी उसकी एक बडी डाली भी टूट कर जमीन पर गिर गई।

#### मामला रिक्त एएनएम की भर्ती का...

# सरकारी डिग्री फिर भी अयोग्य

## 18 माह का कोर्स होने से अभ्यर्थी को कर रहे बाहर, प्रायवेट कॉलेज की डिग्री वाले भी निराश

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में एएनएम के 33 और फार्मासिस्ट के 5 रिक्त पदों को भरा जाना है। हालांकि सिलेक्शन प्रोसेस में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। एएनएम भर्ती परीक्षा में जिन संविदाकर्मियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और मेरिट में जगह बनाई, उन्हें परमानेंट नियुक्ति देने के बजाय बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। इसका प्रारंभिक कारण उनके पास प्राइवेट कॉलेज के डिप्लोमा कोर्स की डिग्री होना सामने आया है। इसके अलावा एक और कारण यह है कि जिन्होंने सरकारी कॉलेज से डिग्री ली, उन्होंने 18 माह का कोर्स किया। क्योंकि यह कोर्स 2016 से पहले 18 माह का ही होता था। इसके बाद इसे 2 साल का किया गया। कर्मचारियों के अनुसार परीक्षा से पूर्व ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। जब वेरिफिकेशन के लिए पहुंचे तो हमारे फॉर्म अलग रख दिए। नियुक्ति के बीच ये मामला आने से कई संविदा कर्मचारियों का भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है।

बता दें कि प्रदेश में एएनएम के 2576 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने 12 फरवरी को परीक्षा परिणामों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की थी। इसके तहत जिले में 33ॅ एएनएम की नियुक्ति होना है। इसमें कई कर्मचारियों को भर्ती से इसलिए बाहर किया जा रहा है क्योंकि, उनके पास 2 साल का डिप्लोमा नहीं है। जिनके पास है वो प्राइवेट कॉलेज के नाम से है या अन्य किसी सब्जेक्ट से किया है। ऐसे कारणों से कई एएनएम.. शेष पेज 3 पर

### जिला स्तर पर बैठक कर शासन से चर्चा करेंगे...

एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया नियुक्ति में जो बदलाव हुए, वो संज्ञान में हैं। जैसे पिछली बार 12वीं बायो वालों को शामिल नहीं किया था, इस बार किया है। 2014 से पूर्व 18 महीने का प्रशिक्षण होता था, अब दो साल का क्लॉज डाला है। इसके कारण सीनियर नहीं आ पा रहे हैं। वहीं शासकीय और अशासकीय डिग्री व कॉलेज का जो नया नियम बता रहे हैं, उसे बीच में न लाते हुए दोनों डिग्री को मान्य करना चाहिए। यदि सरकार ने प्राइवेट कॉलेज को मान्यता दी है तो वे फिर नौकरी में भी लागू होना चाहिए। इन सभी बिंदुओं को लेकर जिला स्तर पर बैठक कर निर्णय लेंगे और शासन से चर्चा करेंगे।

# एक और बजट की तैयारी...



**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका एक और बजट की तैयारी कर रही है। हालांकि हर बार यह बजट छलावा ही साबित हो रहा है। बजट के मुद्दे और वादे धरातल पर उतरने का नाम नहीं ले रहे हैं। चुनावी आचार संहिता लगने की अटकलों के बीच इस बार का बजट सम्मेलन कब होगा, यह भी अब तक तय नहीं हो पाया है। आर्थिक तंगी के बाद भी नगर पालिका जलकर से लेकर 20 अन्य किसी भी प्रकार के कर में वृद्धि चुनावी वर्ष होने के कारण नहीं कर रही है। इसका कारण है लोकसभा चुनाव इसी साल होना है।

नगर पालिका का बजट आम तौर पर मार्च माह में पेश होता है। 31 मार्च तक बजट सम्मेलन करना होता है। पिछले साल भी 31 मार्च को ही बजट पेश हुआ था। इस बार अब तक सिर्फ बजट की तैयारी चल रही है। वहीं मार्च में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की अटकले भी लगाई जा रही है। आचार संहिता लगी तो सम्मेलन नहीं हो सकेगा। परिषद व पीआईसी को बजट पारित करने का अधिकार होता है। परिषद नहीं होने की स्थिति में प्रशासन के हस्ताक्षर से भी बजट तैयार कर भेजा जाता है। इधर विधानसभा चुनाव से पूर्व

## छलावा साबित होते वादे, नहीं उतर रहे धरातल पर

अक्टूबर माह में नगर पालिका का साधारण सम्मेलन हुआ था। इसके बाद अब तक सम्मेलन ही नहीं हुआ। साधारण सम्मेलन से लेकर बजट सम्मेलन दोनों होना है। लेकिन, नपा अब तक तय नहीं कर पा रही हैं। नगर पालिका में पिछले साल 4 अरब 83 करोड़ 32 लाख 87 हजार की आय एवं 4 अरब 83 करोड़ 7 लाख 65 हजार का व्यय बजट पेश किया था। इसमें 25 लाख 22 हजार की बचत का प्रावधान दर्शाया गया था। पिछले साल के बजट के आंकडों को देखते हुए ही इस बार भी बजट तैयार किया जा रहा है। शहर सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर बजट तैयार किया गया है। इस बार पांच अरब से अधिक का बजट नपा में पेश होगा।

### पिछले साल बजट के वादों की यह है स्थिति...

✲ नगर के विभिन्न स्थानों पर बनने वाले संजीवनी क्लीनिक के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया। कुछ जगहों पर क्लीनिक के लिए भवन निर्माण की शुरुआत हुई है।

✲ हुडको संस्था के सहयोग से सीएसआर मद एवं विकास मद से संजय गांधी उद्यान में बनने वाले बहुउद्देश्यीय सामुदायिक आधुनिक भवन के निर्माण के लिए 5 करोड़ की राशि का प्रावधान किया था। इसके लिए वर्तमान में सिर्फ डीपीआर स्तर तक काम पहुंचा है।

✲ अमृत योजना -2 के लिए बजट में 11 करोड़ का प्रावधान किया था। अमृत योजना में नवीन टकियों एवं एक नवीन फिल्टर प्लांट का निर्माण होना है। अब यह प्रोजेक्ट साढे 13 करोड़ का हो गया है। डीपीआर को मंजूरी मिली है इस पर टेंडर होने वाले हैं।

✲ सीवरेज के लिए 164 करोड़ 63 लाख का प्रावधान किया था। इसकी डीपीआर भी अमृत -2 में ही लेकर बनाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा। वर्तमान में काम डीपीआर स्तर तक ही चल रहा है।

✲ विद्युत उत्पादन के लिए 10 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट के लिए 5 करोड की राशि का प्रावधान किया था। इस पर अभी काम आगे नहीं बढ़ा है।

✲ गोल चौराहा स्थित नगरपालिका कॉलोनी के स्थान पर नवीन शॉपिंग काम्पलेक्स के निर्माण के लिए 54 करोड़ की राशि का प्रावधान किया था। इस पर भी डीपीआर स्तर तक ही काम हुआ है।

✲ नगर के चौराहों के सौंदर्याकरण, नगर के दोनों प्रवेश स्थानों पर नवीन स्वागत द्वार के निर्माण के लिए भी 50 लाख की राशि बजट में तय किया था। लेकिन ना तो चौराहों का सौदर्गीकरण हो पाया और ना ही प्रवेश स्थानों पर स्वागत गेट लगे है। सड्कों के डामरीकरण, कायाकल्प अभियान, सीसी रोड, डब्ल्यूबीएमरोड निर्माण के लिए 20 करोड़ की राशि रखी थी। कायाकल्प से लेकर अधोसंरचना में सडक़ो को मंजूरी तो मिली, लेकिन राशि के अभाव में काम पूरा नहीं हो पाया है।

✲ नई आबादी स्थित सब्जी मंडी पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स की स्थापना के लिए 28.50 करोड़ की राशि तय की थी। लेकिन अभी यह मामला प्लानिंग से ही आगे नहीं बढ़ा है।



# रासेयो के स्वयंसेवक विधिक सेवा से जुड़कर करें देश की सेवा-बहरावत

## रासेयो शिविर के चतुर्थ दिवस विधिक सेवा विषय पर व्याख्यान संपन्न

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत बालागुडा के सौजन्य से आयोजित इकाई स्तरीय सप्त दिवसीय रासेयो शिविर के चतुर्थ दिवस पर सडक सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'सडक पर चलना है तो हेलमेट जरूरी है' नारों से ग्रामवासियों को जागरूक किया। तत्पश्चात जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य, डॉ. गोरा मुवेल एवं प्रो. प्रहलाद भट्ट के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने परियोजना के रूप में आदर्श ग्राम पंचायत बालागुडा के परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त करने का कार्य किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश पाटीदार एवं सचिव श्री लाल सिंह शक्तावत का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

रासेयो शिविर के चतुर्थ दिवस के बौद्धिक सत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश माननीय श्री हर्ष सिंह जी बहरावत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को सजक व सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने अपने सामने आने वाली विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से विद्यार्थियों को अवगत कराया, इनमें महिला व बालिका शोषण, सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों को विद्यार्थियों के सम्मुख विस्तार से बताया। जिले में संचालित विधिक सेवा प्राधिकरण में एनएसएस के स्वयंसेवकों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं विधिक सेवा की जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने एन.एस.एस. स्वयंसेवको की कार्यशाला ली। एनजीओ डायरेक्टर डॉ. सौरभ सिंह तोमर ने सभी ऊर्जावान क्रियाशील छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि रोजमर्रा के कार्यशैली जीवन से प्रकृति के पंचतत्वों की सुरक्षा कैसे की जाए, जीवन के मूलभूत सुविधा की पूर्ति सभी को हो इस बात का ध्यान रखना चाहिए। देश का युवा ही देश का भविष्य है, अनुशासनात्मक जीवन ही भारत देश का निर्माण करेगा। उद्बोधन सत्र में शा. स्नातको.महा. मंदसौर के भूगर्भ विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे प्रोजेक्ट के कार्य, जन जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक युक्ता बोराना एवं प्राची सोनी ने किया एवं आभार प्रो. रीतु शर्मा ने माना। विद्यार्थियों द्वारा सायंकालीन ग्राम भ्रमण में ग्राम वासियों से सम्पर्क कर, एडवेंचर के रूप में माउंटेनिंग किया। रात्रि में कविवर मोहित गोस्वामी के संचालन में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें कविवर दिवु बम, यशवंत पाटीदार, चेतन्य कृष्ण शास्त्री, योगेश शर्मा, डीजे सिंह, अंकित दीवाना, विकास सेन आदि प्रख्यात कवियों एवं रासेयो स्वयंसेवकों ने देश भक्ति एवं समाज चेतना से ओतप्रोत कविताओं का पाठ कर ग्रामवासियों को जागरूक किया।

## संत निरंकारी सत्संग आज

**नीमच, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** संत निरंकारी मंडल नई दिल्ली से पंजीकृत संबंधित संत निरंकारी मिशन जिला शाखा नीमच के तत्वावधान में संत निरंकारी मिशन नई दिल्ली की सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्ग दिशा निर्देशन में विशाल निरंकारी सत्संग का आयोजन निरंकारी मिशन के प्रचारक की शांतिदूत ज्ञान प्रचारक परम पूज्य बहन रेनू जी के श्री मुख से आज 3 मार्च रविवार 4 से 6 बजे तक सत्संग भवन मालखेड़ा रोड पर आयोजित किया जाएगा। सीएम व्यास, सर्वसाध संगत नीमच ने बताया कि लंगर प्रसादी का आयोजन श्रीमती सुनीता कुंवर एवं अर्जुन सिंह के तीसवीं वैवाहिक परिणय दिवस के पावन उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा।

## जिलास्तरीय सीनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता 5 को

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जानकारी देते हुए खो-खो कॉर्पोरेशन, मन्दसौर के सचिव मुकेश भटेवरा ने बताया कि दिनांक 09 और 10 मार्च 2024 को राज्यस्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित होगी, उसके लिए मन्दसौर से सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग खो-खो टीम का चयन 05 मार्च 2024 को जिला खेल अधिकारी एवं खो-खो कॉर्पोरेशन, मन्दसौर के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र देवड़ा के मार्गदर्शन में प्रात: 10:30 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय, भानपुरा जिला-मन्दसौर के खो-खो ग्राउंड पर किया जाएगा, चयन प्रतियोगिता खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमानुसार आयोजित होगी, जो भी खिलाड़ी इस चयन प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वो सचिव श्री मुकेश भटेवरा मो.न. 9981795075, और खो-खो कोच एवं सहसचिव श्री तरुण लोहार मो.न. 9752619620 को अपनी उपस्थिति प्रतियोगिता स्थल पर नियत समय पर दे।।

# जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सम्मिलित होंगे -विधायक जैन

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक संपन्न



**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश में श्री राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आयोजित हुई। इस बैठक में मंदसौर जिले के दूर-दूर क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्तागण, पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंदसौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि देश में युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं के हक की लड़ाई सिर्फ और सिर्फ हमारे नेता राहुल गांधी जी लड़ रहे है और हमें भी इस लड़ाई में सहभागिता करने का इस वक्त सुनहरा मौका है इसलिए सभी कांग्रेसजन अधिक से अधिक संख्या में श्री राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सम्मिलित हो। श्री जैन ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में आगे बताया कि मंदसौर जिला मुख्यालय सहित जिले के हर ब्लॉक से वाहनों द्वारा हमारे नेता श्री राहुल गांधीजी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन सम्मिलित होंगे।

जिलाध्यक्ष श्री जैन ने लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेसजन को आव्हान करते हुए कहा कि हम लोकसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ संगठन स्तर पर लड़ेंगे। और लोकसभा चुनाव में हम जीत कर आयेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, श्रीमती पुष्पा भारती, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया, संगठन मंत्री राजेशसिंह रघुवंशी, मल्हारगढ विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री गोविंदसिंह पंवार, कांतिलाल राठौर, अजहर हयात मेव, मोहम्मद हनीफ शेख, अजीत कुमठ, मदनसिंह, रविन्द्रसिंह रांका, विनोद शर्मा, प्रमोद भावलकर, किशनलाल चौहान, करणसिंह चौहान, मनजीत सिंह टूटेजा, रामेश्वर जामलिया, अजय लोढा, आसिफ छीपा, कन्हैयालाल पाटीदार, गणपतलाल पंवार, वहीद जैदी, सुरेश खचरानिया, सुरेश भाटी, रंगलाल धनगर, राजेश फरक्या चाचा, दिनेश रावल, नोंदराम गुर्जर, जितेन्द्र सोपरा, गोविन्द सुराह, गोविन्दसिंह डोराना, ब्लॉक अध्यक्ष में सर्वश्री डॉ. राघवेंद्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, ईश्वरलाल धाकड़, सुरेश पाटीदार, गोपाल विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपकसिंह चौहान, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूपल संचेती, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बद्रीलाल धाकड़, सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप देवड़ा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष युनुस मेव, अजजा जिलाध्यक्ष रमेश सिंगार, महिला नेत्रियों में अंजू तिवारी, सुनीता बंडी, रफत पयामी, इष्टा भाचावत, नेहा जैन, साजिया खान, मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, अजय मारू, विश्वनाथ सोनी, वकार खान, शुभम कुमावत, विजय जैन, दशरथ राठौर व चन्द्रशेखर अहिरवार, घनश्याम कुमावत, सादिक गौरी, अभिषेक जैन, सुरेशचन्द्र टेलर, दिनेश नाई, राजेन्द्र सेठिया, रामप्रसाद पाटीदार, शैलेन्द्र गोस्वामी, राजेश सौलंकी, कन्हैयालाल कुमावत, मोहम्मद आसीफ अंसारी, शेख बशीरूद्दीन, अनीष खान, अक्षय सेठिया, ईश्वर भावसार, इमरान खान, घनश्याम लोहार, दुर्गेश चंदेल, घनश्याम चौहान, मनोहर गुर्जर, रविन्द्र कुमावत, रवि विनायका, अशोक शर्मा, शैलेष माली, कन्हैयालाल गेहलोद, गोपाल खामेरिया, मोहनलाल धाकड़, कन्हैयालाल भदानिया, रमेशचन्द्र राठौर, कृष्णगोपाल माली, ओमप्रकाश पाटीदार, संजय जैन, देवेन्द्र खाबिया, दिनेश चन्द्रवंशी, शिवनारायण चौहान, राहुल पाठक, पवन शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर ने किया एवं आभार जिला कांग्रेस कार्यालय मंत्री सुनील बसेर ने माना। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने दी।

# तपस्वी संतो के मार्गदर्शन से मिलता है जीवन कल्याण का मार्ग -साध्वी प्रिया

**नीमच, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** संतो के बताएं मार्ग से ही समाज का कल्याण हो सकता है।।संत समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए तपस्या करते हैं। संत बाबा पीरु राम और बाबा छतूराम की तपस्या आदर्श प्रेरणादायक कदम है।तपस्वी संतो की आदर्श प्रेरणा से ही व्यक्ति संसार में रहते हुए भी भक्ति सत्संग से जुड़ता है।

तपस्वी संतो के मार्गदर्शन से जीवन कल्याण का मार्ग मिलता है। यह बात संत श्री भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या एवं ईश्वरीय प्रेम आश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया जी ने कहीं।वे शनिवार 2मार्च को भागेश्वर महादेव आश्रम में सुबह 9 बजे आयोजित धार्मिक सत्संग प्रवचन में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि परमात्मा के लिए भजन सत्संग में जुड़ना संतों का ही मार्गदर्शन होता है। गुरु हमें कठिनाइयों में रहते हुए सरलता पूर्वक नया जीवन जीने की नई ऊर्जा संचार का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। महापुरुषों का पुण्य स्मरण दिवस मनाना समाज को विकास की राह की ओर ले जाने के मार्ग में एक अभिनव प्रयास है।जीवन में आने वाली प्रत्येक कठिनाइयों के प्रश्नों के उत्तर श्री राम कथा के प्रत्येक श्लोक में मिलते हैं। राम के उपदेश सर्व व्यापक हैं।अहंकार के त्याग बिना जीवन का कल्याण नहीं होता है।श्री कृष्ण ने युद्ध टालने के लिए दुर्योधन को बहुत समझाया था लेकिन दुर्योधन अपने अहंकार में उलझा हुआ था।गुरु और आदर्श महापुरुषों के मार्गदर्शन पर चले तो जीवन में कभी संकट आते ही नहीं है। कर्मों र्का लिखा कभी मीटता नहीं है।हम जैसा कर्म करेंगे वैसा ही फल हमें मिलता है। इसलिए हम सदैव अच्छे पुण्य कर्म करें तो हमारे जीवन में फल भी पुण्य कर्मों र्का ही अच्छा ही मिलेगा। कथा विश्राम के पश्चात गुरु बाबा छत्तूराम जी के वार्षिक पुण्य स्मरण के पावन उपलक्ष्य में श्री पाठ साहब का शुभारंभ किया गया। विभिन्न भजन कीर्तन प्रस्तुत किए गए। महिलाओं द्वारा बाबा पीरु राम की स्मृति में भजन सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत श्री भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या ईश्वरीय प्रेम आश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया जी के अमृत प्रवचन श्री राम कथा पर आधारित सत्संग ज्ञान गंगा प्रतिदिन भागेश्वर महादेव आश्रम पर 24 फरवरी से 10 मार्च तक सुबह 9 से 10:30 बजे तक प्रवाहित हो रही हैं।

# चारा/भूसा का जिले की सीमा से बाहर निर्यात पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में वर्तमान में रबी फसल तैयार होने से कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है फसल कटाई उपरांत प्राप्त चारे- भूसे को पशुधन हेतु उपलब्ध बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर मध्य प्रदेश राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में निर्यात तथा उद्योगों के बायलरों एवं ईट भट्टों में पशु चारे-भूसे का ईधन के रूप में उपयोग तथा मंदसौर जिला राजस्थान राज्य का सीमावर्ती जिला होने के कारण जिले की सीमा से बाहर अन्य राज्यों में निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिले में चारा, भूसा की पूर्ति बनाए रखने/कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने आदेशित किया हैं कि कोई भी व्यक्ति या संस्थान पशुचारा(आहार) घांस, भूसा, चारा, कड़बी (ज्वार, मक्का के डंठल) आदि मंदसौर जिले से बाहर निर्यात नहीं करेगा। साथ ही उद्योगों एवं फेक्ट्रीयों के बायलरों/ईट भट्टों आदि में पशुचारे/भूसे का ईधन के रूप में उपयोग नहीं करेगा। भूसा तथा चारे का युक्ति संगत मूल्य से अधिक मूल्य पर किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय करना एवं चारा, भूसा का कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने के लिए अनावश्यक रूप से संग्रहण करना प्रतिबंधित रहेगा। ईधन उपयोगी भूसे का स्टाक केवल लायसेन्सधारी उद्योग ही स्टाक कर सकेगा और इसकी सुरक्षा की जवाबदारी उस लायसेन्स धारी की रहेगी एवं



प्रतिबंधित अवधि में जिले के बाहर लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश सर्व-साधारण आम जनता को संबोधित है, और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है अत: दंड संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहत यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# एमपी पीसीआई अध्यक्ष के पास फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर पहुंचे एमपीपीए संगठन के प्रदेश महासचिव त्रिपाठी

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया म.प्र. में विगत दिनों फर्जी मार्कशीट एवं रजिस्ट्रेशन के गंभीर मामले में एक गिरोह के पकड़ाए जाने के बाद फार्मेसी काउंसिल के भी कर्मचारियों को पकड़ा गया था जिसके बाद सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच हेतु कुछ समय के लिए फार्मेसी काउंसिल की कार्यप्रणाली रोक दी गई थी जिसके चलते प्रदेश के फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन संबंधित समस्याओं से जूझ रहे थे और जल्द से जल्द निराकरण हेतु एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अवगत कराते रहें जिसके संबंध में एमपीपीए संगठन के प्रदेश महासचिव अखिलेश त्रिपाठी पीसीआई अध्यक्ष संजय जैन से मुलाकात करने भोपाल पहुंचे जिसमे पीसीआई रजिस्ट्रेशन में जल्द से जल्द तेजी लाने और पीसीआई की कार्यप्रणाली में सुधार, प्रदेश के संचालित हो रहे समस्त फार्मेसी कॉलेजों छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए नियमानुसार सभी पदों पर शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पारदर्शिता लाने हेतु उचित कदम उठाए जाने के लिए आग्रह किया।

इस दौरान फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया म.प्र. के अध्यक्ष संजय जैन ने आश्वस्त करते हुए कहा कि फार्मेसी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है अब प्रदेश के फार्मासिस्टो को रजिस्ट्रेशन करवाने में किसी भी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा प्रदेश में लगभग 83000 रजिस्ट्रेशन अभी तक जारी हो चुके है साथ ही पीसीआई काउंसिल की कार्यप्रणाली को गति प्रदान करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे है। फार्मेसी कॉलेजों में नियमानुसार सभी पदों पर शिक्षकों की उपलब्धता हो इसके लिए नियमानुसार मजबूत कदम उठाए जाएंगे ताकि छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस दौरान संगठन के प्रदेश आई टी मीडिया प्रभारी राजवीर त्यागी प्रदेश पदाधिकारी जितेन्द्र त्रिपाठी भोपाल जिला अध्यक्ष गगन शर्मा उपस्थिति रहे। उपरोक्त जानकारी प्रदेश मीडिया उपाध्यक्ष हिमांशु चतुर्वेदी ने दी।

# योग हमारी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है – प्रो. उपाध्याय

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पीजी कॉलेज मंदसौर में आयोजित हो रहे 10 दिवसीय ऐड ऑन कोर्स में आज सातवें दिवस विषय विशेषज्ञ प्रो.उपाध्याय,(मेम्बर सेक्रेटरी ICHR भारतीय इतिहास अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली)द्वारा उपस्थित हो कर अपने विचार ऑनलाइन व्यक्त किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कोर्स निर्देशक डॉ. उषा अग्रवाल ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि विरासत बीते हुए काल का प्रतिक एवं वर्तमान का आइना है। विरासत हमारी पहचान है। इसको संरक्षित कर आने वाली पीढ़ी को परिचित कराना हमारा दायित्व है। प्रो. ओम उपाध्याय ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी चित्त कृति है संस्कृति हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को जनमानस में मूर्त रूप देने की आवश्यकता है। हमारी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना मिलती है जो अन्यत्र किसी भी देश में नहीं मिलती है। आपने वेद, पुराण, मनुस्मृति का उदहारण देकर बताया कि यह भूमि हमारी माँ और हम इसके पुत्र है। यदि पर्यावरण को हानि पहुँचाया जायेगा तब विनाश अवश्य होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमन सिंह द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. शिव कुमार पाण्डेय द्वारा व्यक्त किया गया।

# वेतन भुगतान में नीमच जिला लगातार तीसरी बार प्रदेश में नंबर वन

**नीमच, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आयुक्त कोष एवं लेखा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में जिला कोषालय नीमच द्वारा जिला कोषालय अधिकारी श्री बीएम सुरावत के विशेष प्रयासों से नीमच जिला अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय सेवकों के वेतन भुगतान में लगातार तीसरी बार प्रदेश में नंबर वन रहा है। विभाग द्वारा जारी रैंकिंग के अनुसार नीमच जिला फरवरी पेड इन मार्च के वेतन भुगतान में प्रदेश में नंबर एक पर रहा है। इसके पहले भी लगातार गत दो महीनो मे नीमच जिला प्रदेश में वेतन भुगतान के मामले में अव्वल रहा है। इस तरह नीमच जिले को यह तीसरी बार लगातार उपलब्धि हासिल हुई है, इसके लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री सुरावत ने अधिनस्थ स्टाफ एवं सभी आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

# समाजसेवी नाहरू खां मेव ने सिलाई मशीने भेंट की



**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर के जाने माने समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नाहरु खां मेव एन के इंजीनियर ने महिला सशक्तिकरण हेतु मंदसौर मानव सेवा कल्याणकारी संस्था द्वारा संचालित निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर दान स्वरूप 2 सिलाई मशीन भेंट कर समाज सेवा के कार्य में संस्था का सहयोग किया। नाहरू खां मेव ने कहा की हमारा देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई वाली भारत सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों की वजह से निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है आज कामगार वर्ग के रोजगार के लिए मोदी जी की गारंटी वाली विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही जिसमे भारत सरकार कामगार वर्ग के कारीगरों को प्रशिक्षण देकर अपना व्यास व्यापार करने हेतु भारत सरकार द्वारा अपनी गारंटी पर बैंको से कम ब्याज पर सब्सिडी लोन पात्र प्रशिक्षित कारीगरों को उपलब्ध कराया जाएगा। संस्था के माध्यम से निशुल्क सिलाई केंद्र पर सिलाई सिख रही सभी लाडली बहनों से मेरा आग्रह है की वे भी विश्वकर्मा योजना के फार्म भरकर मोदी जी सरकार की इस योजना का लाभ लेवे।

# मुकेश शर्मा लीडर को दी श्रद्धांजलि



**सिंगोली, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 26 फरवरी सोमवार को स्वर्गीय कन्हैया लाल शर्मा के छोटे सुपुत्र और देवेंद्र शर्मा के छोटे भाई एवं किशन शर्मा के काका साहब मुकेश शर्मा लीडर का आकस्मिक निधन हो गया था जिस पर 29 फरवरी गुरुवार की शाम को स्थानीय नंदीश्वर महादेव पर हरिओम मित्र मंडल सिंगोली द्वारा श्री मुकेश शर्मा लीडर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम पार्षद सुनील सोनी गोविंद कृष्ण शर्मा शंकर गिर रजनाती राजीव व्यास निरंजन शर्मा पत्रकार दिनेश जोशी अशोक शर्मा (जीवन पंडित ) निलेश लबाना प्रदीप छिपा शंभू लाल राठौर पप्पू ठाकुर नानालाल धाकड़ गोटू धाकड़ प्रमोद सोनी चुन्नीलाल प्रजापत पिंटू जोशी प्रकाश धाकड़ नयागांव रतन लाल धाकड़ हेमंत शर्मा नीरज तिवारी रवि तिवारी राजू सोनी गोपाल छिपा कालू धाकड़ संजय शर्मा बालू धाकड़ प्रकाश लोहार अंजय तिवारी अंतिम तिवारी भाया शर्मा सहित हरिओम मित्र मंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

# एनडीआरएफ वाराणसी टीम तथा राजाराम एंड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री द्वारा सीबीआरएन का किया मॉक अभ्यास






**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजाराम एंड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री (मंदसौर) और एनडीआरएफ वाराणसी टीम द्वारा एनडीआरएफ (रासायनिक) का मॉक अभ्यास किया गया।

11 वी एनडीआरएफ के कमांडेंट श्री मनोज कुमार शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी टीम व अल्फा जिलेटिन प्राइवेट लिमिटेड टीम के साथ मॉक अभ्यास किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य किसी भी रासायनिक आपदा के दौरान घायल व् चोटिल व्यक्तियां के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रिस्पांस एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है तथा इस माक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। इस सीबीआरएन (रासायनिक) आपातकाल पर आधारित मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों, राजाराम एंड ब्रदर्स स्टार्च फैक्ट्री (मंदसौर) के अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों द्वारा बैठक कर इस सीबीआरएन माक अभ्यास की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की गयी। इस मॉक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ के टीम कमांडर इंस्पेक्टर सत्यजीत सिंह द्वारा भोपाल टीम के 30 सदस्यी पूर्ण प्रशिक्षित टीम द्वारा किया गया। श्री सत्यजीत सिंह ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पांस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह एनडीआरएफ आपदाओ में होने वाली दुर्घटनाओं से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के मॉक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। इस मेगा मॉक अभ्यास के दौरान श्री दिलीप कुमार जैन फैक्ट्री प्रबंधक, श्री डी आर वर्मा सेनानी होमगार्ड मंदसौर सहित पूरा स्टाफ और एनडीआरएफ के इस्पेक्टर सत्यजीत सिंह सहित कुल 30 रेस्कुअर एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। फैक्ट्री मैनेजर श्री दिलीप जैन, प्रोडक्शन मैनेजर आर.के. मोड़, यूनियन उपाध्यक्ष कल्लू खां, प्लांट इंचार्ज अल्लानूर, बहादुर खान, विनायक राव, के.ए. कुरैशी, एस.ओ. शिवसहाय, स्टाफ सदस्य अरविंद कोठारी, जाकिर हुसैन, महेंद्र कोठारी, लवेश जैन, शैलेन्द्र सोनी, प्रतीक मित्तल, पुष्करराज शर्मा, शेखर मित्तल, संजय चौधरी, अनिल खाबिया एवं सभी श्रमिक उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2256 | 2373 |
| उडद | 1 | 5500 | 5500 |
| सोयाबीन | 1408 | 3860 | 4580 |
| गैहु | 3500 | 2000 | 2966 |
| चना | 777 | 5050 | 5619 |
| मसुर | 3000 | 4950 | 5680 |
| धनिया | 492 | 5291 | 7022 |
| लहसुन | 25000 | 4000 | 13000 |
| मैथी | 339 | 5101 | 7000 |
| अलसी | 352 | 4550 | 5245 |
| सरसो | 964 | 4481 | 4821 |
| तारामीरा | 5 | 4700 | 4700 |
| इसबगोल | 5 | 4700 | 4700 |
| प्याज | 539 | 400 | 920 |
| कलौंजी | 35 | 12900 | 18000 |
| डॉलर | 3 | 8651 | 12000 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 7 | 2380 | 3000 |
| असालीया | 337 | 5600 | 7000 |

## रूपए लेनदेन की बात को लेकर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को सजा

**जावद, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री प्रीति परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद के द्वारा रुपये लेनदेन की बात को लेकर मारपीट कर गंभीर चोट पँहुचाने वाले एक पक्ष के तीन आरोपीगण (01) सुंदरलाल पिता शांतिलाल कछावा, आयु-30 वर्ष, (02) शांतिलाल पिता गमजी कछावा, आयु-45 वर्ष तथा (03) देवीलाल पिता शांतिलाल कछावा, आयु-28 वर्ष, तीनो निवासी-ग्राम मेघपुरा, थाना जावद जिला नीमच को धारा 325/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड व 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा मारपीट कर साधारण पँहुचाने वाले दुसरे पक्ष के एक आरोपी राधेश्याम पिता रघुनाथ कछावा, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम मेघपुरा, थाना-जावद, जिला नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री आकाश यादव द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 15.01.2017 की रात्री की 10:30 ग्राम मेघपुरा की हैं। दोनो पक्षकारों के मध्य झगडे के 60 हजार रूपयें के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था, इसी बात को लेकर घटना दिनांक को दोनो पक्षकारो के मध्य विवाद हो गया, जिस कारण दोनो पक्षों द्वारा एक-दूसरे के साथ लात-घूंसो व लट्ठ से मारपीट कर चोटे पँहुचाई गई, जिससे एक पक्ष के देवीलाल की हाथ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया तथा शांतीलाल व सुंदरलाल को साधारण चोटे आई तथा दुसरे पक्ष के राधेश्याम, रामप्रसाद व देवीलाल पिता पन्नालाल को साधारण चोटे आई। घटना की रिपोर्ट दोनो पक्षकारो द्वारा थाना जावद में की गई। विवेचना के दौरान आहतगण का मेडिकल किये जाने के उपरांत शेष आवश्यक अनुसंधान अभियोग पत्र जावद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान दूसरे पक्ष के आरोपी रामप्रसाद पिता गंगाराम कछावा फरार हो गया देवीलाल पिता पन्नालाल कछावा की मृत्यु हो जाने से दोनो पक्षों के शेष पक्षकारों के संबंध में विचारण उपरांत यह निर्णय पारित किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में दोनो पक्षों के आहतगण व घटना के चश्मदीद साक्षीगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा दोनो पक्षों के आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री आकाश यादव, एडीपीओ द्वारा की गई।

## महिला को गॉली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को 3 माह की सजा

**मनासा, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा रास्ते के विवाद के कारण महिला के साथ अश्लील गाली-गलौच करके जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी ईशाक पिता काल्ले खाँ, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम महागढ़, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 294 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास व 300रू. अर्थदण्ड व धारा 506(2) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री अरविंदसिंह थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 08.06.2019 की सुबह के 9 बजे ग्राम महागढ़ स्थित फरियादीया नुरजहां के घर के सामने की हैं। आरोपी व फरियादीया के मध्य पूर्व से रास्ते का विवाद चला रहा हैं, इसी बात को लेकर घटना वाले दिन आरोपी ने फरियादीया को अश्लील गॉलीया देते हुवे जान से मारने की धमकी दी, जिसकी रिपोर्ट फरियादीया ने थाना मनासा पर की, जिस पर से आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की जाकर, विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादीया व चश्मदीद साक्षी सहित सभी आवश्यक गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री अरविंदसिंह थापक, एडीपीओ द्वारा की गई।

### सफल रही उज्जैन की रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव-2024...

# उज्जैन में पहली बार एकत्र हुए 900 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि

### मुख्यमंत्री ने 283 बड़ी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश दिये

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन के इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन बहुत सफल रहा। इस कॉन्क्लेव में यूएसए, यूके, कनाडा, सीजी, जर्मनी, इजराईल, जापान, गेबोन, साउथ कोरिया, सिंगापुर, जाम्बिया और मलेशिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांक्लेव में करीब 4 हजार प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों से पृथक-पृथक संवाद किया। उन्होंने 20 से अधिक प्रमुख औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की। कॉन्क्लेव में 63 इकाइयों का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया, जिसके लिए प्रदेश के विभिन्न 21 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। इन इकाइयों से प्रदेश में 10 हजार 64 करोड रूपये का निवेश होगा, जो 17 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव में 283 बडी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश भी प्रदान किये। यह कॉन्क्लेव की विशेषता थी, जिसे निवेशकों सहित आमजन और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सराहा गया। प्रदेश में पहली बार मंच से ही इतनी बडी संख्या में औद्योगिक इकाइयों को जमीन आवंटन के आदेश प्राप्त हुए हैं। कॉन्क्लेव के माध्यम से सबसे बडा निवेश अडानी समूह की तरफ से आया है, जो प्रदेश में 75 हजार करोड रूपये के निवेश के लिए आगे आये है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में भी पेप्सिको समूह 1250 करोड रूपये का निवेश कर रहा है। इससे करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**राज्य में 10 हजार तकनीकी रोजगार के अवसर सृजित होंगे-** एलटीआई माइंडट्री ने राज्य शासन के साथ एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत सुपर कॉरिडोर इंदौर में संस्थान के प्रस्तावित परिसर में 500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके लिए सरकार की आईटी नीति के तहत संस्थान को 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस निवेश से राज्य में लगभग 10 हजार तकनीकी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 20 से अधिक औद्योगिक समूहों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन बैठक की गई, जिसमें लगभग 17 हजार करोड के निवेश संबंधी प्रस्तावों पर ठोस चर्चा हुई। लगभग 880 इकाइयों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख करोड रूपये से अधिक निवेश के लिए इन्टेन्शन-टू-इन्वेस्ट प्रदर्शित किया गया।

**एयर एंबुलेंस की विशेष उपलब्धि-** कॉन्क्लेव के दौरान ही मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई। निर्धन वर्ग के लिए यह सेवा वरदान सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव के समापन दिवस पर इसका शुभारंभ किया। इस सेवा के अंतर्गत एक हेली-एम्बुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान प्रदेश के सभी जिलों और प्रशासनिक प्रभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगे। इस हेलीकॉप्टर और विमान में उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिक्स की टीम भी रहेगी। फ्लाइंग डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एयरो मेडिकल साइंसेज फैलोशिप में होंगे। इस सेवा का लाभ प्रदेश के सभी नागरिकों को मिलेगा।

**पांच क्षेत्रीय सत्रों में निवेश की संभावनाओं के नए द्वार खोलने पर हुई गंभीर चर्चा-** कॉन्क्लेव में सेक्टर-वार निवेश अवसरों पर विस्तृत जानकारी देने के लिए दो दिन में पांच क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में एमएसएमई और स्टार्टअप, मप्र में निवेश के अवसर डेयरी, एग्रो, खाद्य प्रसंस्करण, म.प्र. में अधोसंरचना विकास में निवेश के अवसर और धार्मिक पर्यटन पर गंभीर चर्चा हुई। इसी तरह फार्मा मेडिकल डिवाइस के अवसर और चुनौतियों के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। ये सत्र प्रदेश में निवेश की संभावनाओं के नए द्वार खोलेंगे।

**बॉयर-सेलर मीट भी हुई, प्रदर्शनियां बनी आकर्षण का केन्द्र-** रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, खनिज, इंजीनियरिंग, कपड़ा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, शहरी अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में विविध निवेश के अवसरों का प्रदर्शन किया गया। राज्य सरकार, ओडीओपी और राज्य के अन्य उत्पादों के निर्यात और घरेलू व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समानांतर रूप से काम कर रहा है, इसके लिए एक अलग बॉयर-सेलर बैठक क्षेत्र बनाया गया है। कॉन्क्लेव में दो दिन में 2500 से अधिक बॉयर-सेलर बैठकें हुई, जिसमें भागीदारों का उत्साह सामने आया। मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिवेश को प्रदर्शित करने के लिए तीन प्रदर्शनियां स्थापित की गई, जिनमें 16 विभिन्न तरह के उद्योगों के जरिए प्रदेश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र संबंधी जानकारी दी गई। मध्यप्रदेश मंडप में प्रदेश की नीतियों के साथ ही ओडीओपी उत्पाद के बारे में भी जानकारी दी गई। ओडीओपी से संबंधित विशेष प्रकाशन भी किया गया, जिसका कॉन्क्लेव में विमोचन भी हुआ। कॉन्क्लेव में भागीदार प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के उद्योग क्षेत्र से जुडी उपयोगी जानकारियों और सूचनाओं के प्रकाशन का स्वागत किया। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार उद्योग क्षेत्र का दो दिवसीय सार्थक आयोजन संपन्न हुआ। विश्वपटल पर उज्जैन के पौराणिक महत्व के साथ औद्योगिक क्रांति की इस नई पहल का सभी पक्षों द्वारा स्वागत हुआ है।

## जिले के किसान चना, मसूर व सरसों के पंजीयन 10 तक कराए

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले के किसान 10 मार्च तक चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन करा सकते है। किसानों की सुविधा हेतु शासन द्वारा जिले में निर्धारित गेहुँ पंजीयन केंद्रों पर 10 मार्च 2024 तक चना, मसूर एवं सरसों की फसलों के पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

## पेयजल समस्या निवारण प्रकोष्ठ 24 घंटे काम करेगा

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी ने आदेश जारी किया कि मंदसौर जिले की पेयजल व्यवस्था सूचारू रूप से संपादित करने एवं संभावित सूखे एवं अतिवृष्टिसे निपटने हेतु आगामी आदेश तक खंड कार्यालय में पेयजल समस्या निवारण प्रकोष्ठका गठन किया गया है। जो 24 घंटे कार्यरत रहेगा। शिकायत के लिए कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07422-256284 है।

# मध्य प्रदेश में 9 वीं और 11वीं के विद्यार्थी 15 अप्रैल तक करा सकेंगे त्रुटि सुधार



**खण्डवा, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** परीक्षाओं का दौर चल रहा है, इस बीच मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 2023-2024 में प्रवेश लेने वाले अर्थात कक्षा 9वीं-11वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न तरह की जानकारी में संशोधन करवाने की सुविधा दी है। साथ ही संशोधन के लिए फीस भी तय कर दी है।

खंडवा जिला शिक्षा विभाग के अनुसार दोनों कक्षाओं के विद्यार्थी 15 अप्रैल तक संशोधन करवा सकते हैं। इसके तहत कक्षा 9वीं के विद्यार्थी नाम, जन्म तारीख में और 11 वीं के विद्यार्थी विषय, संकाय, माध्यम में संशोधन करवा सकेंगे। मुख्य परीक्षा के बाद जो अंकसूची जारी की जाएगी तो वह सुधारों के साथ ही संबंधित विद्यार्थियों को दी जाएगी ताकि उन्हें आगामी बोर्डकी कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रवेश लेते समय दिक्कत नहीं आए। नामांकित विद्यार्थी के विषय, माध्यम, छात्र, माता-पिता के नाम की स्पेलिंग, जन्म तारीख और फोटो में संशोधन की सुविधा दी है। इसके लिए 500 रुपये फीस देनी होगी। इसी के साथ जो छात्र नामांकित नहीं हुए हैं, उन्हें निर्धारित फीस और लेट फीस 500 रुपये के साथ नामांकन करने की सुविधा रहेगी। अन्य राज्य और बोर्डके छात्रों का निर्धारित शुल्क और विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ नामांकन की सुविधा दी गई है।

**कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों के लिए-** 11वीं के छात्र-छात्राएं अपने विषय, संकाय, माध्यम में संशोधन 500 रुपये फीस चुकाकर करवा सकेंगे। इसी के साथ 10वीं में पास और 11वीं में फेल विद्यार्थियों का प्रवेश सूची में नाम जोड़ने की सुविधा रहेगी। इसके अलावा इन दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक, छह माही आदि के अंकों की प्रविष्टि और उसमें प्रविष्टि में संशोधन भी 15 अप्रैल तक होगा।

**अगली कक्षाओं में दिक्कत नहीं आएगी-** शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कक्षा 9वीं व 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए त्रुटि संशोधन के लिए कार्यक्रम व संशोधन फीस तय की गई है। इससे उनकी अंकसूची त्रुटिरहित बनेगी और 10वीं-12वीं में प्रवेश के दौरान दिक्कत नहीं आएगी। वहीं कक्षा 9वीं-11वीं की मुख्य परीक्षा दो पाली की जगह एक ही पाली में करवाने के लिए प्रक्रिया वरिष्ठ कार्यालय स्तर पर चल रही है। आदेश आना बाकी है, जिला स्तर पर दोनों तक से परीक्षा करवाने की तैयारी है।

**मूल्यांकन का कार्य जारी-** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाएं जारी है। समन्वयक संस्था उत्कृष्ट विद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है। शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन के साथ ही प्राप्त अंकों की प्रविष्टि सीधी आनलाइन की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन 5 तक करें

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री जगदीश प्रसाद अधीक्षक डाकघर मंदसौर द्वारा बतया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन 5 मार्च 2024 तक कर सकते है। प्रतियोगिता में छात्र- छात्राएँ अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का उपयोग कर सकते है। अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 10 मार्च 2024 को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम 25 हजार, द्वितीय 10 हजार एवं तृतीय 5 हजार रूपये व राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम 50 हजार, द्वितीय 25 हजार एवं तृतीय 10 हजार रूपये पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएगें। वैश्विक डाक संघ द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएँगे। स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मुख्यालय बर्न, स्विटज़रलैंड की यात्रा करने का प्रस्ताव या एक वैकल्पिक पुरस्कार यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा। प्रतियोगिता में 9 से 15 वर्ष तक की छात्र- छात्राएं प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये नोडल अधिकारी श्री दिलीप कुमार गुप्ता सहायक अधीक्षक के मोबाइल नं. 7587598470 पर, डाक विभाग की वेबसाइट http://www.indiapost.gov.in या कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम तहत जिले में महिला मोर्चा करेगा विभिन्न कार्यक्रम

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राज्यसभा सांसद एंव महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पाटीदार, राज्यसभा सांसद एंव महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया नारी, शक्ति वंदन प्रदेश संयोजक लता वानखेडे, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा दिनांक 04 मार्च 2024 को सोमवार को मैराथन दौड का आयोजन किया जायेगा। मैराथन दौड़ का शुभारंभ गांधी चौराहा मंदसौर से प्रातः 08:30 बजे होगी एंव मैराथन दौड़ का समापन महाराणा प्रताप चौराहा मंदसौर पर होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, कार्यक्रम जिला प्रभारी राजेश पालीवाल महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नपा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला उपस्थित रहेगी।

इसी प्रकार दिनांक 5 मार्च 2024 को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा मंदसौर जिले के चारो विधानसभा स्तर पर संपन्न होगी। जिसमें मंदसौर विधानसभा के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा जिला कार्यक्रम प्रभारी राजेश पालीवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रमा गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला उपस्थित रहेगें। इसी प्रकार मल्हारगढ विधानसभा का कार्यक्रम नारायणगढ बस स्टेंड से शुभारंभ होगा जिसमें वक्ता के रूप में भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, मल्हारगढ नगर पंचायत अध्यक्ष, शर्मिला कछावा, नारायणगढ नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जी जयराजसिंह, मंडल अध्यक्ष जीतू जाट, इसी प्रकार सुवासरा विधानसभा कार्यक्रम पदयात्रा सीतामऊ नगर में महाराणा प्रताप चौराहा से शुभारंभ होकर बस स्टेंड पर समापन होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक हरदीप डंग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगर पंचायत अध्यक्ष सविता परिहार, इसी प्रकार गरोठ विधानसभा की पदयात्रा भैसोदा मिडिल स्कूल से शुभारंभ होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सेठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंतर बाई रणजीत सिंह चौहान, महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेखा मांदलीया की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

इसी प्रकार 6 मार्च को नारी शक्ति वंदन समापन कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सत्र पश्चिम बंगाल में संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री जी के भाषण को देशभर के हर जिले में जिला पंचायत स्तर जनपद पंचायत स्तर नगर पालिका नगर पंचायत स्तर पर प्रसारित किया जाएगा। जिले की समस्त बहनों को अपने अपने क्षेत्र में पंचायतों में टीम को टेलीकास्ट में उपस्थित होकर कार्यक्रम को देखना सुनना है। समस्त महिला मोर्चा जिला मंडल समस्त जनप्रतिनिधि समस्त पार्षदगण बहनों को कार्यक्रम में सहभागिता करे।

# प्रदेश में सभी विभागों के सहयोग से चलाया जायेगा जल-हठ अभियान

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जल संसाधन मंत्री सिलावट ने भेंट की कार्य-योजना

**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रत्येक ग्राम में 'हर घर जल' पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन शुरू किया गया। इस मिशन की पूर्ण सफलता के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 'जल-हठ' अभियान जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। इसमें सरकार और समाज की भागीदारी से हर गांव, हर नगर में पुराने तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों का उन्नयन, विकास, सौंदरीकरण, गहरीकरण कराया जाएगा तथा जल स्रोतों के आस पास किए गए अतिक्रमण को हटाकर वृक्षारोपण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से गत दिवस मंत्रालय में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भेंट कर उन्हें इस अभियान की अवधारणा बताई तथा कार्य-योजना प्रस्तुत की। साथ ही अनुरोध किया कि सभी विभागों के सक्रिय सहयोग से प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में 'जल-हठ' अभियान को जन आंदोलन के रूप में चलाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त किया कि पूरे प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाया जाएगा। प्रदेश के तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों में अतिक्रमण से उनका कैचमेंट एरिया समाप्त होता जा रहा है, जिससे जल स्रोतों में प्रदूषण की समस्या बढ रही है तथा सिंचाई एवं पीने का पानी कम हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे-छोटे नदी नालों में पहले वर्ष भर जल संरक्षित रहता था, किंतु ये नदी-नाले अब समाप्तप्राय हो गए हैं। वर्षा के जल को संरक्षित करने एवं भूजल उन्नयन के लिए इन्हें पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि 'जल-हठ' अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राकृतिक जल स्रोतों, तालाबों के पुनर्जीवन कार्य के लिए उन्हें चिन्हित कर योजना बनाई जाएगी और समाज के विभिन्न वर्गों एवं स्वेच्छिक संगठनों के सहयोग से इसे जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक/सांस्कृतिक संगठनों, खेल संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, संत महंतों तथा बुद्धिजीवी वर्ग का भी पूरा सहयोग लिया जाएगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। प्रदेश की चंदेल एवं गोंडकालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही। हमने प्रदेश में सिंचाई संसाधनों की बढ़ोतरी में आशातीत सफलता पाई है। वहीं तालाबों के पुनर्जीवन और जीर्णोद्धार के लिए कई व्यापक कार्य किए गए हैं। सरकार की प्राथमिकता प्राकृतिक जल स्रोतों एवं तालाब को बचाने की है और उसके लिए हम योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नपा अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 2 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने एवं संवहनीय प्रयासों और उपलब्धियां के आलोक में माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव नगर पालिका मंदसौर को 5 मार्च को सम्मानित करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा स्वच्छता प्रेरणा समारोह दिनांक 05 मार्च 2024 को लाल परेड ग्राउंड भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंसीलाल गुर्जर, सीएमओ को सम्मानित किया जावेगा। न पा मंदसौर अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंसीलाल गुर्जर के द्वारा निकाय मंदसौर में स्वच्छता का उच्च स्तर बनाये रखने के लिए स्वच्छता अभियानों का सफल नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप न पा मंदसौर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नेशनल रैंकिंग में 51 वा, राज्य स्तर पर 15 वा स्थान एवं 03 स्टार रैंकिंग प्राप्त कर उज्जैन संभाग में नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं इसी कारण निकाय मंदसौर को सम्मान हेतु म. प्र. शासन द्वारा चयन किया गया है।

### सरकारी डिग्री फिर भी....

पेज 1 से जारी

(बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की नियुक्ति नहीं हो रही है। ज्यादातर एएनएम 2014 से पहले से ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में सेवाएं दे रही हैं। इनका नर्सिंग काउंसिलिंग ने 18 माह का डिप्लोमा ही मान्य किया है। वहीं भर्ती के समय सरकारी व प्राइवेट कॉलेज का कोई बंधन नहीं था। अब सरकार के इन नए मापदंडों के कारण संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति पर संकट है।

# सफलता की मिठास है-शिक्षा

### शिक्षा ही है शब्द रूपी शरीर की आत्मा



शिक्षा एक ऐसी धरोहर है जिसे कभी न कोई चोर चुरा सकता है और न कभी यह बांटने पर कम हो सकतीं आज की जनरेशन जिस रफ्तार से आगे बढ़ रही है, उसमें शिक्षा रूपी पहियों का अहम योगदान है, शिक्षा सिर्फ सफलता का किताबी सूत्र नहीं वरन यह वह दीक्षा है जो किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को आकर्षक और दूसरों से अलग बनती है।

वर्तमान 12 वी फेल जैसी फिल्म भी शिक्षा के महत्व और उसमें पूरी होने वाली महत्वाकांक्षाओं को दर्शाती है कि किस तरह कोई व्यक्ति शिक्षा से वातावरण को अपने अनुरूप ढाल सकता है और हारा हुआ व्यक्ति भी सफलता की मिठास को चख सकता है, शिक्षा घोर अंधकार में एक सूक्ष्म रोशनी की तरह होती है जो अंधकार में भी अपने अस्तित्व को बनाए रखती है। शब्द रूपी मोती जब माला में एक साथ पिरोए जाते हैं तो वह शब्द को परिभाषित करते हैं और जब इन शब्दों को एक साथ जोड़ा जाता है तो यह शब्द उन अक्षरों के महत्व को सही मायने में हिलोरे खाती लहरों सा बना देते हैं वास्तविकता में इस अक्षरों, शब्दों या वाक्य में अगर कोई व्यक्ति पार पा लेता है तो उसे शिक्षित की उपाधि से नवाजा जाता है, शिक्षा मन मस्तिष्क के विकारों को दूर करके नए रास्तों को प्रायोजित करती है। शिक्षा साक्षी होती है आपके भीतर ज्ञान विज्ञान की जो आपको अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करती है। अत: हर व्यक्ति को शिक्षा के सागर में डुबकी जरूर लगानी चाहिए जिससे अपने रुके हुए मस्तिष्क के विचारों को रूपांतरित कर सके।

**डॉ. रजत जैन**
**(प्रोफेसर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज मंदसौर)**


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 24/2024 दिनांक 02.03.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भारत पिता रुघनाथ गुर्जर, निवासी-खेडा खदान, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-खेडा खदान पटवारी हल्का न. 31, तहसील मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व, त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP249392024A1241301, दिनांक 26/02/2024 से मेरे पक्षकार शांतिबाई पति भारत उर्फ भारतलाल गुर्जर, निवासी-खेडा खदान, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मल्हारगढ़ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है- पूर्व में- इन्दरमल गुर्जर, पश्चिम में-आम रास्ता, उत्तर में-मदनलाल गुर्जर, दक्षिण में-अशोक गुर्जर, पैमाईश रकबा- 1500 वर्ग फीट या 139.35 वर्ग मीटर।**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है. यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी जो सूचित हो।**

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

**गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर**
**मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)**
**दिनांक- 02.03.2024**

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाबुलाल पिता रामलाल जाति जोशी, निवासी ग्राम नेतावली तहसील व जिला मंदसौर द्वारा आवासीय मकान जो मकान नंबर-37/3 पर दर्ज होकर वार्ड क्रमांक-2 में स्थित होकर ग्राम नेतावली, गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 63 तहसील व जिला मंदसौर है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक- एमपी249392024ए 1254216 दिनांक 28.02.2024 को श्रीमती शांति बाई पति बाबुलाल जाति जोशी, निवासी ग्राम नेतावली तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाइश निम्नवत है- चर्तु:सीमा-पूर्व में-समरथ का मकान, पश्चिम में-रास्ता, दक्षिण में-सत्यनारायण, उत्तर में-दिनेश का मकान, पैमाईश- पूर्व से पश्चिम 80 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 13 फीट है। कुल क्षेत्रफल - 1040 वर्गफीट या 96.61 वगमीटर है।

उक्त संपत्ति पर बाबुलाल पिता रामलाल जाति जोशी, द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
**दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर**



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

**गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर**
**मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)**
**दिनांक- 02.03.2024**

**✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चंद्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति बागरी, निवासी ग्राम निपानिया अफजलपुर तहसील व जिला मंदसौर द्वारा आवासीय मकान जो मकान नंबर 25 पर दर्ज होकर वार्ड क्रमांक- 1 में स्थित होकर ग्राम निपानिया अफजलपुर गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 69 तहसील व जिला मंदसौर है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी249392024ए1259280 दिनांक 29.02.2024 को श्रीमती राधा बाई पति चंद्रप्रकाश जाति बागरी, निवासी ग्राम निपानिया अफजलपुर तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-मुकेश राधेश्याम का मकान, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में - शासकीय भूमि, दक्षिण में-लक्ष्मीनारायण का मकान, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 50 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 30 फीट है। कुल क्षेत्रफल -1500 वर्गफीट या 139.35 वगमीटर है।

उक्त संपत्ति पर चंद्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति बागरी, द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
**दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर**




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in